# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## षोडश सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-4

वृहस्पतिवार,तिथि 05 चैत्र, 1937 (श0) / 26 मार्च, 2015 (ई0)

**प्रश्नों की कुल संख्या 48**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) नगर विकास एवं आवास विभाग | .. | .. | 14 |
| (2) राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग | .. | .. | 05 |
| (3) कृषि विभाग | .. | .. | 07 |
| (4) पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग | .. | .. | 05 |
| (5) खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग | .. | .. | 04 |
| (6) लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग | .. | .. | 12 |
| (7) सहकारिता विभाग | .. | .. | 01 |
| | | कुल योग — | 48 |

### औचित्य बताना

*547. श्री अब्दुलबारी सिद्दिकी—क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में प्रखण्ड स्तर पर तालाबों के विकास एवं मत्स्य पालन में सुधार तथा वृद्धि के लिये वर्ष 2010 में तालाब सर्वेक्षकों की सरकार द्वारा नियुक्ति की गई थी, जिन्हें प्रति तालाब 100 रु० मानदेय दिया जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि तालाब सर्वेक्षण की भाँति कृषि सलाहकार की नियुक्ति भी वर्ष 2005 में की गई है, जिन्हें प्रतिमाह 6,000 रु० मानदेय दिया जाता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो कृषि सलाहकार की भाँति तालाब सर्वेक्षकों को मानदेय नहीं देने का क्या औचित्य है ?

---

### कार्रवाई करना

*548. श्री (मो०) तौसीफ आलम—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुख्य मंत्री शहरी विकास योजना अन्तर्गत किशनगंज जिला के बहादुरगंज प्रखण्ड के नगर पंचायत के चौरासी से खानका, जुरेल तक निर्माणाधीन पी०सी०सी० सड़क के कार्य में काफी अनियमितता बरती जा रही है तथा जी०एस०बी० के स्थान पर लोकल बालू एवं घटिया सीमेन्ट का प्रयोग किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पी०सी०सी० सड़क के निर्माण कार्य का कबतक उच्चस्तरीय जाँच करवाकर दोषी संवेदक के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

### पदस्थापन करना

*549. श्री (मो०) तौसीफ आलम—क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला अन्तर्गत टेढ़ागाछ प्रखण्ड में प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी का पदस्थापन एक वर्ष से नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी का पदस्थापन नहीं होने से उक्त प्रखण्ड में खाद्यान्न एवं तेल का उठाव एवं वितरण सुचारु रूप से नहीं किया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखण्ड में शीघ्र प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी का पदस्थापन करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

### योजना पूरा कराना

*550. श्री सुबोध राय—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर के सुलतानगंज घाट पर विद्युत् शवदाह गृह का निर्माण कार्य विगत 4 वर्षों से लम्बित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त योजना को चालू वर्ष में पूरा कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

## जलापूर्ति कराना

*551. श्री जनक सिंह—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत तरैया प्रखण्ड की आबादी जनसंख्या मानक के अनुसार रहने के बावजूद 1. अरदेवा अनुसूचित जाति बस्ती 2. चाँदपुरा मठिया 3. वेसिक स्कूल, पोखडेड़ा के पास अनुसूचित जाति बस्ती 4. पंचभिण्डा श्रीराम जानकी मठिया 5. उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय, परौना बालक के पास पोखड़ा तट 6. नारायणपुर बाजार तट 7. भरौरा मठिया 8. उत्क्रमित मध्य विद्यालय फरीदपुरा कन्या 9. राज्य उच्च पथ से पश्चिम अनुसूचित जाति बस्ती के पोखड़ा तट ग्राम-डेवढ़ी 10. नन्दनपुर गाँवों में शुद्ध जलापूर्ति की व्यवस्था नहीं है जिसके कारण ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थलों पर शुद्ध जलापूर्ति उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## पशु स्वास्थ्य उप-केन्द्र की स्थापना

*552. श्रीमती सुजाता देवी—क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत सुपौल प्रखंड के पंचायत करिहो के ग्राम-करिहो से प्राथमिक पशु चिकित्सालय, सुपौल की दूरी आठ किलो मीटर है, जिससे प्राथमिक उपचार के लिये पशुओं को ले जाने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँव में पशु स्वास्थ्य उप-केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## निर्माण कराना

*553. श्री (मो०) आफाक आलम—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है, कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत गुड़ी पंचायत के जियनगंज गाँव एवं लाशन पंचायत के भंझा गाँव में मिनी जलमीनार नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँवों में मिनी जलमीनार नहीं होने से ग्रामीणों को शुद्ध जल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में मिनी जलमीनार का निर्माण कराने का विचार रखी है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## संचालन कराना

*554. श्रीमती पुनम देवी यादव—हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में 12 दिसम्बर, 2014 को छपी खबर ''महेशखूँट बस स्टैण्ड पर अवैध कब्जा'' की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुये क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत महेशखूँट बस स्टैण्ड की स्थिति जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि बस स्टैण्ड के अन्दर 26 स्टॉल है, जो बन्द पड़ा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बस स्टैण्ड का जीर्णोद्धार कर बन्द पड़े स्टॉल को चालू करते हुये बस स्टैण्ड से बस तथा अन्य गाड़ियों का संचालन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सम्प हाउस का निर्माण

*555. श्री नितिन नवीन --क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना नगर निगम के अन्तर्गत वार्ड 12,13,14,16,17,18 के बड़े भू-भाग का पानी बाईपास के किनारे से होते हुये पहाड़ी सम्प हाउस तक जाता है, इससे बड़े इलाके में हमेशा जल-जमाव की स्थिति बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार जल-जमाव से निजात दिलाने के लिये बस स्टैण्ड के समीप एक सम्प हाउस के निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

अधूरा कार्य कराना

*556. श्रीमती रश्मि वर्मा--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत नगर परिषद्, नरकटियागंज के शहरी क्षेत्रों में बुडिको द्वारा पिछले वर्ष लगभग 48 करोड़ की लागत से सड़कों का निर्माण कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बुडिको द्वारा कराये गये निर्माण कार्य में नाला एवं सड़क का कार्य अधूरा छोड़ दिये जाने के कारण आम नागरिकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक अधूरे कार्य को कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

रास्ता का प्रबंध करना

*557. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनसाही प्रखंड अन्तर्गत कुरेठा ग्राम पंचायत के रामनगर भट्ठा टोला में प्राथमिक विद्यालय, रामनगर भट्ठा जाने के लिये रास्ता नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालय में जाने के लिये कबतक रास्ता का प्रबंध करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

बस टर्मिनल का निर्माण

*558. श्री अरूण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत पटना-गया रोड में बैरिया के पास 200 करोड़ की लागत से इंटर स्टेट बस टर्मिनल के निर्माण का निर्णय चार वर्ष पूर्व लेने के बावजूद आजतक इसका कार्यारंभ नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बस टर्मिनल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

आवंटित करना

*559. डॉ० दाउद अली--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार के सभी जिलों में वासरहित गरीब लोग नगर

परिषद्/नगर पंचायत में झोपड़ी बनाकर अपना जीवन बसर करने के लिये मजबूर हैं, यदि हाँ, तो सरकार बिहार के सभी जिलों में वासरहित गरीब हेतु नगर परिषद्/नगर पंचायत क्षेत्र में अम्बेदकर कॉलोनी बनाकर गरीबों को आवंटित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

विचार करना

*560. श्री अजय कुमार बुलगानीन--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि 2009 में वर्मी कम्पोस्ट का मूल्य 600 रु० प्रति क्वींटल सरकार ने तय किया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि 2009 के अपेक्षा अभी लेबर और रॉ-मैटेरीयल की कीमत में तीन गुणा तक वृद्धि हुई है, जिससे व्यवसायिक स्तर के उत्पादक का मनोबल कम हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उत्पादक के हित में मूल्य वृद्धि का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

जलमीनार का निर्माण

*561. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के कल्याणपुर प्रखंडान्तर्गत फुलवरिया, नरायणपुर, रघुनाथपुर, पीपराखेम, मुसौलवा, कैसरिया प्रखंड के मठिया, सुंदरापुर, खाप गोपालपुर, रामपुर खजुरिया, सरोतर तथा संग्रामपुर प्रखंड के मंगलापुर, मरवलिया, मठिया, पासोमा इत्यादि गाँवों में जलमीनार के अभाव में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति नहीं हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में शीघ्र शुद्ध पेयजल हेतु जलमीनार का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

भवन का निर्माण

*562. डॉ० रामानन्द यादव--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2014-15 के आवंटन आदेश संख्या 135, दिनांक 14 फरवरी, 2015 एवं राज्यादेश संख्या 113, दिनांक 14 फरवरी, 2015 के आलोक में राज्य में 50 नगर निकायों में नागरिक सुविधा मद के अन्तर्गत सम्राट अशोक भवन निर्माण हेतु 6860. 75,200 लाख (अड़सठ करोड़ साठ लाख पचहत्तर हजार दो सौ) रु० मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करते हुये सहायक अनुदान के रूप में तत्काल 615.00 लाख (छ: करोड़ पन्द्रह लाख) रु० मात्र राशि का आवंटन किया गया ;

(2) क्या यह बात सही है कि सम्राट अशोक भवन निर्माण हेतु फतुहा नगर पंचायत में जमीन उपलब्ध है, फिर भी उक्त योजना स्वीकृत नहीं किया गया, जबकि अभी भी विभाग में राशि उपलब्ध है और कई ऐसे निकाय हैं जहाँ जमीन उपलब्ध नहीं है, फिर भी राशि उपलब्ध करा दी गई ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार फतुहा नगर पंचायत में सम्राट अशोक भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

अधूरे कार्य पूरा करना

*563. श्रीमती सुखदा पांडेय--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के चौसा प्रखण्ड के चौसा में मिनी पेय जलापूर्ति योजना से जलमीनार का कार्य किया गया है, परन्तु पाइप बिछाने का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार पेय जलापूर्ति योजना के अधूरे कार्य को कबतक पूरा करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

भवन का जीर्णोद्धार

*564. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला पूर्वी चम्पारण अन्तर्गत प्रखण्ड रामगढ़वा में अवस्थित राजस्व कचहरी भवन जीर्ण-शीर्ण हो जाने के कारण कागजातों के रख-रखाव में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त भवन का जीर्णोद्धार कार्य कबतक कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

सड़क का निर्माण

*565. श्री (डॉ०) मो० जावेद--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज नगर परिषद् अन्तर्गत एन० एच० 31 से खगरा मुख्य द्वार, मुनसी टोला होते हुये बंगाल सीमा तक सड़क जर्जर अवस्था में रहने के कारण आमलोगों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार वर्तमान वर्ष में सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*566. श्री विक्रम कुँवर--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि केन्द्र सरकार नुरूम के तहत् पटना शहर के एस०पी० वर्मा रोड से बाकरगंज तक नाला का निर्माण के लिये वित्तीय वर्ष 2012-13 में 9.50 करोड़ रु० आवंटित किया है;

(2) क्या यह बात सही है कि विगत 3 वर्षों से इस राशि का उपयोग बुडको द्वारा ब्याज अर्जित करने के लिये किया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार ब्याज अर्जित करने वाले दोषी बुडको के खिलाफ कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

खाद्य उठाव केन्द्र स्थापित करना

*567. श्री दिनेश कुमार सिंह--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के खाद्य थोक विक्रेताओं के लिये यूरिया सहित अन्य खाद्य की आपूर्ति फतुआ से होती है, जिस कारण थोक विक्रेताओं को अत्यन्त परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार भोजपुर जिला के खाद्य थोक विक्रेताओं के लिये खाद्य उठाव केन्द्र फतुआ के स्थान पर आरा में कबतक स्थापित करने का विचार रखती है नहीं, तो क्यों ?

जाँच केन्द्र खोलना

*568. डॉ० कृष्णनन्दन यादव--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के नीमचक बथानी प्रखण्ड के एक कृषि प्रधान क्षेत्र होने के बावजूद मिट्टी जाँच केन्द्र नहीं है, जिसके कारण उत्पादन अच्छी नहीं होती है, यदि हाँ, तो सरकार वैज्ञानिक ढंग से खेती कराने के लिये नीमचक-बथानी प्रखण्ड में कबतक मिट्टी जाँच केन्द्र खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्ड उपलब्ध कराना

*569. श्री अरूण शंकर प्रसाद--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 22 नवम्बर, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''20 हजार कार्ड का वितरण नहीं'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला में विभाग द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत् सात लाख अठाईस हजार कार्ड उपलब्ध कराया गया जिसमें से सात लाख पाँच हजार परिवारों को कार्ड उपलब्ध कराया जा चुका है, परन्तु 23000 कार्ड का वितरण अभीतक नहीं किया जा सका है;

(2) क्या यह बात सही है कि जिला आपूर्ति विभाग के 20,677 नये कार्ड उपलब्ध कराये जा चुके हैं, किन्तु वितरण अभीतक नहीं किया गया, जिसके कारण हजारों परिवार खाद्यान्न से वंचित हो गये हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत मिलने वाले खाद्यान्न से वंचित परिवारों को अभीतक कार्ड नहीं उपलब्ध कराने का क्या औचित्य है ?

---

पेयजल की आपूर्ति

*570. श्री सुबोध राय--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत शाहकुंड प्रखण्ड के कपसौना, भीखनपुर, खानपुर, सादपुर, को दंडा, जगरिया दीनदयालपुर आदि गाँवों में जलापूर्ति योजना विगत दो वर्षों से लम्बित रहने के कारण शुद्ध पेय जलापूर्ति की भीषण समस्या का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक जलापूर्ति की लम्बित योजनाओं को पूरा कर पेयजल आपूर्ति को सुनिश्चित करना चाहती है ?

कार्रवाई करना

*571. श्री विक्रम कुँवर–दिनांक 25 जनवरी, 2015 को हिन्दी दैनिक में प्रकाशित शीर्षक ''जाँच सुस्त, अफसरों की मौज'' के आलोक में क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कृषि विभाग में वर्ष 2011 एवं 2012 में भ्रष्टाचार में लिप्त 17 पदाधिकारियों के विरुद्ध विभाग द्वारा नियुक्त निरीक्षी पदाधिकारी द्वारा लगभग तीन वर्षों तक जाँच प्रतिवेदन समर्पित नहीं किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जाँच प्रतिवेदन समर्पित नहीं होने के कारण 17 आरोपी पदाधिकारी में से तीन क्रमशः तत्कालीन संयुक्त निदेशक, श्री सत्यनारायण मोची, शेखपुरा के तत्कालीन जिला उद्यान पदाधिकारी, मो० दाउद एवं तत्कालीन संयुक्त निदेशक, श्री किरण देव कुमार सेवानिवृत्त हो गये हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जाँच प्रतिवेदन समर्पित नहीं करनेवाले निरीक्षी पदाधिकारी तथा आरोपी पदाधिकारियों के विरुद्ध कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

---

योजना पूर्ण कराना

*572. श्री (डॉ०) इजहार अहमद–स्थानीय हिन्दी समाचार-पत्र में दिनांक 23 दिसम्बर, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''कैसे हो शहरी विकास, राशि ही खर्च नहीं'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जल संरक्षण समेत अन्य नागरिक सुविधा से जुड़ी योजनाओं की गति अत्यंत ही धीमी रहने की वजह से हुये नगर निकायों को आवंटित 70 करोड़ में मात्र 34.33 करोड़ रुपये ही खर्च हुये तथा कुछेक योजनाओं को छोड़कर 99 प्रतिशत योजनाओं में 50 प्रतिशत भी कार्य पूरी नहीं हुई यथा स्वर्ण जयंती शहरी विकास एवं आवास निर्माण हेतु भू-अर्जन योजना का है, परन्तु इन योजनाओं में भी आवंटित राशि खर्च नहीं हुये हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त योजनाओं को कबतक पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पशु अस्पताल खोलना

*573. श्री प्रेम रंजन पटेल–क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत पिपरिया प्रखंड में पशु अस्पताल नहीं होने के कारण बीमार पशुओं का इलाज नहीं होने से बड़ी मात्रा में पशु संसाधन की क्षति हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार पशुओं के इलाज व पशु संसाधन की होनेवाली क्षति से बचाने के लिये कबतक पिपरिया प्रखंड मुख्यालय में पशु अस्पताल खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

उपाय करना

*574. श्री अरूण शंकर प्रसाद–स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 17 नवम्बर, 2014 को प्रकाशित शीर्षक ''जिला में घट रही मवेशियों की संख्या'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला सहित बिहार के अन्य जिलों में वित्तीय वर्ष 2012-13, 2013-14 एवं 2014-15 में पशु चिकित्सालयों में विभाग द्वारा दवाई की आपूर्ति नहीं की गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि दवाई के अभाव में मधुबनी जिला के सभी 21 पशु चिकित्सालय पर पशुओं का समुचित इलाज नहीं हो पा रहा है जिससे जिले में विगत पाँच वर्षों से पशुओं की संख्या में 50 हजार की कमी हो गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार पशुओं की संख्या में गिरावट को रोकने के लिये कौन-सा उपाय करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

गंगा घाटों की सफाई

*575. श्री अरूण कुमार सिन्हा—क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना में दीघा से पटना सिटी तक गंगा घाटों पर पैदल पथ बनाने का निर्णय चार वर्ष पूर्व लेने के बावजूद आजतक इसका क्रियान्वयन शुरू नहीं हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि पटना में गंगा नदी के किनारे सभी घाटों पर नियमित सफाई नहीं किये जाने से कचरे का अंबार लगा रहता है, जिसके कारण आम लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित पैदल पथ के निर्माण के साथ-साथ पटना में गंगा घाटों की नियमित सफाई कराने का विचार रखती है ?

---------

सिंगुर चापाकल लगाना

*576. श्री ललित कुमार यादव—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत सदर प्रखंड में विगत 5 वर्षों में लगभग 1,700 आई०एम० 2 और आई०एम० 3 मार्का चापाकल गाड़ा गया है जो अधिष्ठापन के तुरन्त बाद से ही खराब है जबकि आई०एम० 2 और आई०एम० 3 मार्का चापाकल की लागत राशि सिंगुर चापाकल से दोगुनी है;

(2) क्या यह बात सही है कि अतिहर पंचायत के रामबेरई दुर्गा मंदिर, बलहा गाँव में राजाराम यादव के घर के पास, धोई पंचायत के धोई गाँव में राशिद के घर के पास लोआम, दुलारपुर, खुटवारा, सोनकी इन पंचायतों में गाड़े गये आई०एम० 2 और आई०एम० 3 चापाकल भी खराब है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार आई०एम० 2 और आई०एम० 3 मार्का चापाकल के स्थान पर सिंगुर चापाकल लगाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

किसानों को क्षतिपूर्ति देना

*577. श्री मनोहर प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जनवरी, 2015 में हुई वर्षा से कटिहार जिला के मनसाही प्रखंड अन्तर्गत साहेबनगर, चित्तौड़िया, मोहनपुर, कुरेठा, फुलहारा, मरंगी, भेड़मारा पंचायतों के किसानों को आलू की फसलों में भारी क्षति उठानी पड़ी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पंचायतों के किसानों को क्षतिपूर्ति देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

चापाकल लगाना

*578. श्रीमती आशा सिन्हा—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्य मंत्री चापाकल योजना के तहत नगर निगम के एक वार्ड में तीन चापाकल लगाने का निर्णय वर्ष 2011 में लिया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि दानापुर विधान-सभा के अन्तर्गत पटना नगर निगम के वार्ड सं० 2 एवं 3 में आजतक एक भी चापाकल नहीं लगा है;

(3) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्या द्वारा वर्ष 2012 में उक्त वार्ड सं० में चापाकल लगाने हेतु कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रमंडल, पटना को पत्र दिया था जिसपर आजतक कोई कार्रवाई नहीं की जा सकी है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार निर्णय के आलोक में चापाकल लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

औचित्य बताना

*579. श्री मंजीत कुमार सिंह—क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के तहत प्रति व्यक्ति दो किलोग्राम गेहूँ एवं तीन किलोग्राम चावल प्रतिमाह देने का प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि 10,254 मात्र परिवारों में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के आलोक में लक्षित जन-वितरण प्रणाली के अन्तर्गत पूर्वोक्त प्राप्त श्रेणी के परिवारों के चयनित सदस्यों (फेज-2) को खाद्यान्न मुहैया कराने हेतु 1418.84 क्विंटल गेहूँ एवं 2128.26 क्विंटल चावल का आवंटन उपलब्ध कराने के संबंध में जिला पदाधिकारी, गोपालगंज ने पत्रांक 670, दिनांक 22 सितम्बर, 2014 द्वारा आवंटन उपलब्ध कराने हेतु पत्र लिखा गया था, जो अबतक अप्राप्त है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो 10,254 पात्र परिवारों को अबतक खाद्यान्न उपलब्ध नहीं कराने का औचित्य क्या है ?

---------

योजनाओं को चालू कराना

*580. डॉ० अच्युतानन्द—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के महनार प्रखण्ड में स्थापित तीन ग्रामीण जलापूर्ति योजनाएं क्रमशः वासुदेवपुर चन्देल, धरहरा एवं महनार 10 वर्षों से बन्द रहने के कारण आम लोगों को ग्रामीण जलापूर्ति योजना का लाभ नहीं मिल रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त बन्द पड़ी तीनों जलापूर्ति योजनाओं को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

अतिक्रमण हटाना

*581. डॉ० फैयाज अहमद—क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखण्डान्तर्गत स्वास्थ्य उप-केन्द्र, बरदाहा की जमीन अतिक्रमण कर लिया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार स्वास्थ्य उप-केन्द्र, बरदाहा के जमीन का सीमांकन कराकर अतिक्रमण मुक्त कर स्वास्थ्य उप-केन्द्र को उपलब्ध कराने का विचार रखती है ?

---------

पशु चिकित्सालय खोलना

*582. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला का कल्याणपुर प्रखण्ड में स्थित पशु चिकित्सालय से पुरण छपरा, दिलावरपुर, मेदनशिरशिवा, पीपराखेम, बासघाट, नगरगाँवा, रमडीहा, कोइर गाँव, गणेश शिरशिया आदि गाँवों की दूरी लगभग 20 से 30 कि०मी० है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँवों में पशुपालकों की संख्या अच्छी खासी तादाद में है और वहाँ पशु चिकित्सालय नहीं रहने से उक्त क्षेत्र के पुशपालकों को पशुओं के इलाज संबंधित कार्यों में काफी परेशानी होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त इलाके के पुरण छपरा में पशु चिकित्सालय खोलने का विचार रखती है ?

कार्रवाई करना

*583. डॉ० (मो०) आबेद—क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के किशनगंज विधान-सभा क्षेत्र संख्या 54 अन्तर्गत वर्ष 2012-13 एवं 2013-14 में सरकार द्वारा धान खरीद की गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि किसानों से धान नहीं खरीदकर बिचौलियों द्वारा धान खरीद की गई है, जिसके कारण अनियमितता हुई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्षों में खरीदी गई धान में हुई अनियमितता की जाँच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

बीज परीक्षण केन्द्र खोलना

*584. श्री विनय कुमार सिंह—क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत सोनपुर प्रखंड एवं दिघवारा प्रखंड के बीज परीक्षण केन्द्र नहीं होने के कारण उक्त प्रखंड के किसानों को 50 कि०मी० एवं 30 कि०मी० क्रमशः छपरा जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार सोनपुर एवं दिघवारा प्रखंड में बीज परीक्षण केन्द्र खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

निर्माण कराना

*585. श्री (मो०) आफाक आलम—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत श्रीनगर प्रखण्ड के गरिया बलवा पंचायत के बलवा गाँव एवं मलहरियां पंचायत के मलहरियां गाँव में मिनी जलमीनार नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँवों में मिनी जलमीनार नहीं होने के कारण आम जनता को शुद्ध जल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में मिनी जलमीनार का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

धान क्रय केन्द्र खोलना

*586. श्री प्रेम रंजन पटेल—क्या मंत्री, खाद्य उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकार ने किसानों के धान को खरीदने के लिये सभी प्रखंड मुख्यालय में राज्य खाद्य निगम के द्वारा धान क्रय केन्द्र खोलने का निर्णय लिया है, किन्तु लखीसराय जिलान्तर्गत चानन प्रखंड मुख्यालय में धान क्रय केन्द्र अभीतक नहीं खोला गया है, यदि हाँ, तो सरकार चानन प्रखंड मुख्यालय में धान क्रय केन्द्र खोलकर किसानों को धान खरीदने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

समस्या का समाधान

*587. प्रो० उषा सिन्हा--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राजधानी पटना और पटना सिटी की संकीर्ण गलियों और सड़कों वाली जगहों में नगर निगम के ट्रैक्टरों द्वारा सुबह नौ बजे के बाद कूड़ा उठाव किया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सुबह नौ बजे के बाद कूड़ा उठाव से न केवल भीषण जाम लगता है, बल्कि प्रदूषण फैलता है तथा लाखों रुपये का पेट्रोल और डीजल प्रतिदिन बर्बाद होता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि अन्य महानगरों में कूड़ा उठाव रात में किया जाता है अथवा सुबह नौ बजे निष्पादित कर लिया जाता है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त समस्या के समाधान के लिये सकारात्मक उपाय करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

जमीन उपलब्ध कराना

*588. श्री सोनेलाल हेम्ब्रम--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिला के कटोरिया प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में लगभग 46 भवनहीन आँगनबाड़ी केन्द्र है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कटोरिया प्रखंड में आँगनबाड़ी केन्द्र के लिये पर्याप्त जमीन है एवं भवन बनाने हेतु राशि उपलब्ध है, परन्तु अंचलाधिकारी, कटोरिया के असहयोग के कारण आँगनबाड़ी केन्द्र हेतु जमीन नहीं उपलब्ध कराया गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि भवनविहीन आँगनबाड़ी केन्द्र को भूमि उपलब्ध कराने के लिये अंचल अधिकारी, कटोरिया से प्रखंड विकास पदाधिकारी, कटोरिया एवं विधायक कटोरिया द्वारा लिखित सूची देकर जमीन उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आँगनबाड़ी केन्द्र के लिये जमीन उपलब्ध कराने एवं दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

भागीदारी सुनिश्चित कराना

*589. श्रीमती पूनम देवी यादव--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र 30 जनवरी, 2015 को छपी खबर ''डी०एम० ने महादलितों को दिया बासगीत पर्चा'' की ओर ध्यानाकृष्ट करते हुये क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला में दिनांक 29 जनवरी, 2015 को 44 परिवारों के बीच बंदोबस्ती का पर्चा एवं 271 परिवारों को जिला पदाधिकारी, खगड़िया के द्वारा बासगीत का पर्चा वितरण किया गया है जिसमें क्षेत्र के जन-प्रतिनिधियों को आमंत्रित नहीं किया गया ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रशासनिक अधिकारी के द्वारा सार्वजनिक रूप से लोक कल्याण के लिये किये गये कार्यों से प्रजातांत्रिक व्यवस्था में जन-प्रतिनिधि का महत्व घटता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लोक महत्व के सभी समारोह में क्षेत्रीय जन-प्रतिनिधि का भागीदारी सुनिश्चित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

विमुक्त कराना

*590. श्री (डॉ०) इजहार अहमद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 3 जनवरी, 2015 को प्रकाशित शीर्षक ''निगम की दुकानों पर सबलेटियों का कब्जा'' को ध्यान में

रखते हुये क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत नगर निगम की अधिकांश दुकानों पर सबलेटियों ने कब्जा जमाकर रखा है तथा आज से डेढ़ वर्ष पूर्व तत्कालीन नगर आयुक्त ने 13 दुकानदारों पर एकरारनामा रद्द करने का आदेश दिया था, लेकिन आजतक उनके विरुद्ध कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है, यदि हाँ, तो सरकार निगम के दुकानों को सबलेटियों से विमुक्त कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

जलमीनार का निर्माण

*591. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय "पप्पू"--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के पंचदेवरी प्रखंडान्तर्गत जनता बाजार की आबादी करीब 40 हजार होने के बावजूद जलमीनार का निर्माण नहीं होने से ग्रामीण पेयजल की सुविधा से वंचित हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि जनता बाजार में खाता नं० 213, खेसरा नं० 1141, रकबा 6 कट्ठा सरकारी जमीन उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सरकारी जमीन पर जलमीनार का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

चापाकल चालू कराना

*592. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत इसुआपुर, तरैया एवं पानापुर प्रखण्डों सहित राज्य के खराब चापाकल का मरम्मती कार्य नहीं कराने से बन्द पड़ा है, यदि हाँ, तो सरकार बन्द चापाकलों को कबतक चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

सड़क का पक्कीकरण

*593. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला पूर्वी चम्पारण अन्तर्गत नगर पंचायत, सुगौली में (1) पी०डब्ल्यू०डी० पथ से महादलित बस्ती नौवाडीह होते हुये माई स्थान वार्ड नं० 11, पासी (महादलित बस्ती) तक लगभग एक कि०मी० सड़क जीर्ण-शीर्ण हो जाने के कारण नगरवासियों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वर्णित नगर के महादलित बस्ती की सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------

भवन का निर्माण

*594. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत हलसी प्रखंड में दुग्ध शीतक केन्द्र की स्थापना की घोषणा माननीय मुख्य मंत्री द्वारा वर्ष 2008 में की गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि हलसी प्रखंड में 6 वर्षों के बाद भी दुग्ध शीतक केन्द्र की स्थापना किराये के मकान में किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार हलसी में दुग्ध शीतक केन्द्र का अपना भवन बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------

हरेराम मुखिया,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा ।

पटना :
दिनांक 26 मार्च, 2015 (ई०)।

बि०स०मु० (एल०ए०), 165 डी०टी०पी०-450